## सार-समाचार

### बजट को लेकर अधिकारियों से संवाद

**बूंदी ।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को बूंदी के भविष्य की विकास योजनाओं और आगामी राज्य बजट को लेकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में संवाद किया। प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि राज्य सरकार बजट में जन-भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। इसीलिए सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से सीधे सुझाव लिए जा रहे हैं। राज्य सरकार जिले के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह कटिबद्ध हैं। पिछले बजट की अधिकांश घोषणाओं का क्रियान्वयन धरातल पर शुरू हो चुका हैं। उन्होंने बूंदी शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नैनवां रोड़ पर प्रस्तावित फ्लाई ओवर की डीपीआर जल्द पूरी कर टेंडर प्रक्रिया शुरू करने और बूंदी बस स्टैंड की शिफ्टिंग की बाधाओं को विभागों के समन्वय से तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही, के.पाटन आरओबी की मरम्मत और भारतमाला प्रोजेक्ट के कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया ताकि आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके। वीबी-जी राम जी ऐतिहासिक पहल प्रभारी मंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाए गए विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अधिनियम, 2025 को मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि यह कानून पुरानी मनरेगा योजना का परिष्कृत रूप है, जो भ्रष्टाचार और लेटलतीफी जैसी कमियों को जड़ से समाप्त कर देगा। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को साल में 100 के स्थान पर 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इस योजना के तहत अब केवल कच्चे काम नहीं होंगे, बल्कि जल संसाधन और पक्की सड़कों जैसी स्थायी संपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे गांव आत्मनिर्भर बनेंगे। योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पारदर्शिता है, जिसमें एआई (), जियो-टैगिंग और सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से कार्यों की निगरानी होगी और हर छह महीने में डिजिटल सोशल ऑडिट किया जाना अनिवार्य होगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि योजना में श्रमिकों के हितों का ध्यान रखते हुए साप्ताहिक भुगतान को अनिवार्य किया गया है और दो सप्ताह से अधिक की देरी होने पर स्वतः मुआवजे का कडा प्रावधान रखा गया है। बिजली और पानी की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए ऊर्जा राज्यमंत्री ने बताया कि जिले में बिजली सुदृढ़ीकरण के लिए जीएसएस निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं। नगर परिषद क्षेत्र में स्वीकृत तीन नए जीएसएस के लिए भूमि का आवंटन कर दिया गया है, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी और कृषि कार्यों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान नगर परिषद सभापति सरोज अठावाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, केशवरायपाटन की पूर्व विधायक चन्द्रकांता मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, सुरेश अठावाल सहित विभिन्न् सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

### स्वच्छ गांव-स्वस्थ भविष्य अभियान

**बूंदी।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को स्वास्थ्य, अनुशासन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बूंदी खेलकूद विकास समिति के अध्यक्ष शक्ति तोषनीवाल ने एक प्रेरणादायी पहल की। उन्होंने स्वच्छ गांव-स्वस्थ भविष्य जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज सुबह 5 बजे, कड़ाके की सर्द हवाओं के बीच 21 किलोमीटर की दौड़ सफलतापूर्वक पूर्ण कर युवाओं को फिट और सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। साथी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में चरितार्थ करने की अपील की। शक्ति तोषनीवाल ने यह 21 किमी दौड़ 2 घंटे 40 मिनट में पूर्ण की। दौड़ के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि कठिन परिस्थितियों में भी यदि संकल्प मजबूत हो तो स्वास्थ्य और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाया जा सकता है। यह दौड़ विशेष रूप से राष्ट्रीय युवा दिवस को समर्पित रही, ताकि युवा वर्ग शारीरिक गतिविधियों को अपनाकर स्वयं को स्वस्थ, सशक्त और ऊर्जावान बनाए। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से आ ान किया कि वे मोबाइल व निष्क्रिय जीवनशैली से बाहर निकलकर रनिंग, साइक्लिंग एवं अन्य शारीरिक गतिविधियों को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। साथ ही उन्होंने स्वच्छ गांव-स्वस्थ भविष्य अभियान के माध्यम से आमजन से अपने घर-आंगन, आसपास के क्षेत्र, गांव व सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की अपील भी की। समिति अध्यक्ष ने कहा कि स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं। यदि युवा फिट रहेंगे और स्वच्छता को अपनाएंगे, तभी समाज और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल होगा।

### कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास

**बूंदी।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा के नेतृत्व में आज बूंदी जिला मुख्यालय पर स्थित गांधी पार्क में कांठोस का मनरेगा को लेकर एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर मीणा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज हमने जिला मुख्यालय पर मनरेगा का नाम व स्वरूप बदलकर योजना बंद करने के विरोध में शांतिपूर्वक एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम रखा है ! जिसमें हमने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रघुपति राघव राजा राम पतितपावन सीताराम जैसे गीतों से शांतिपूर्वक एक दिवसीय उपवास किया। जिसमें बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा व पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने भी भाग लिया । एकदिवसीय उपवास के दौरान बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार का षड्यंत्र नाम व स्वरूप बदलने का नहीं है बल्कि इस योजना को समाप्त कर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी का जो नाम लोगों के मुंह पर है उसको हटाने का कृत्य है। राजस्थान सरकार पर वर्तमान में 6 लाख 66 करोड रुपए का कर्ज है जिसका अर्थ है एक व्यक्ति व्यक्ति पर 100000 का कर्ज है। राज्य सरकार 40 इस योजना का भुगतान मनरेगा के श्रमिकों को नहीं कर सकती और इस कारण यह योजना स्वत ही बंद हो जाएगी। भविष्य में हम जिला पंचायत मुख्यालयों व ग्रामों में आमसभा आयोजित कर इस अभियान को पूर्णतया सफल करेंगे । महावीर मीणा ने एक दिवसीय उपवास के दौरान बताया कि कल से 29 जनवरी तक बूंदी जिले के प्रत्येक पंचायत मुख्यालय में जाकर कांठोस कार्यकर्ता भाजपा सरकार द्वारा किए गए कृत्य के जनता के बीच उजागर करेगा। चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रम कर जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान का प्रयास किया जाएगा । एक दिवसीय उपवास के दौरान ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष रामकरण मीणा, लक्ष्मण बेरवा, प्रेम शंकर राठौड़, शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी, अनुसूचित जाति प्रदेश उपाध्यक्ष मोडूलाल वर्मा, महासचिव प्रेम शंकर बैरवा, पीसीसी सचिव गुड्डू कादरी, संदीप पुरोहित, सदस्य चर्मश शर्मा, सेवादल जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बृजमोहन यादव, पूर्व ब्लाक कांठोस अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पूर्व महासचिव इश्तियाक अली, कांठोस कमेटी वार्ड पार्षद टीकम जैन, मोइनुद्दीन फॉरवर्ड, मंडल अध्यक्ष इमरान देशवाली, हारून खान, राजीव लोचन गौतम, शिवम गुर्जर, मदनलाल गुर्जर, राधेश्याम मीणा, गयासुद्दीन भट्टी, गिरिराज मीणा, बालक राम कंजर, रिंकू पठान यशवंत दाधीच, सैफ अली, रामदेव भाट शोएब खान सहित जितू शर्मा सभी कांठोस कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

### कम्बल वितरित किये

**बूंदी ।** नैनवा रोड स्थित सुदामा सेवा संस्थान वृद्धाश्रम आसरा में श्योपुरिया की बावडी स्थित कालबेलिया बस्ती से जोगी समाज के लोगों ने सभी आवासियों को कंबल वितरित किये। इस दौरान संस्थान के संरक्षक बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा वरिष्ठ वार्ड पार्षद टीकम जैन संस्थान के मंत्री छूटटनलाल शर्मा एवं उपाध्यक्ष राम प्रकाश सविता सम्मिलित रहे !विधायक शर्मा ने धन्यवाद देते हुए कहा कि कालबेलिया बस्ती से जोगी समाज के लोगों के द्वारा सभी आवासियों को कंबल वितरित करने का सेवा कार्य काबिले तारीफ है। मैं आभार व्यक्त करता हूं कि इस बस्ती में रहने वाले लोगों ने भी सेवा कार्य कर एक नई सोच समाज में पैदा की है। साथ ही जोगी समाज से जयराम दास, श्योजी दास, रामप्रसाद, सूरजमल, हरजी, जितेन्द्र रंगलाल, नेहरू, व देसराज सम्मिलित रहे ।

### कंबल व स्वेटर वितरित होंगे

**कोटा, ( निसं )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से निर्धन व जरूरतमंद की मदद को लेकर अभियान चला रखा है जिसके तहत टीम दीपक राजानी एवं भुवनेश बबलानी के नेतृत्व में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जरूरतमंद को स्वेटर एवं कंबल उपलब्ध कराए गए। दीपक राजानी ने बताया कि तालाब की पाल, लक्की बुर्ज, नयापुरा एवं अन्य स्थानों पर 51 कंबलों का वितरण किया गया साथ ही 51 स्वेटर बच्चों व बड़ों को भेंट किए गए। दीपक राजानी ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों से प्रेरणा लेकर यह अभियान शुरू किया गया है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर कमल खत्री नितिन दयानी आकाश धनवानी, भुवनेश बबलानी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# मनरेगा में 100 दिन काम की गारंटी खत्म करना मजदूरों से कुठाराघात : धारीवाल

- मौन सत्याग्रह कर कांग्रेस ने जताया मनरेगा में बदलाव का विरोध
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना दुर्भाग्यपूर्ण महापुरुषों का अपमान सहन नही करेंगे-राखी गौतम
- मनरेगा में गारंटी थी जीरामजी योजना में मजदूर के भूखे मरने की नौबत ः भानूप्रताप

**कोटा, ( निसं )।** अखिल भरतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर पीसीसी के निर्देश पर रविवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक कैथून सांगोद रोड स्थित सीनियर सेकंडरी स्कूल के बाहर महात्मा गांधी मूर्ति के समक्ष शहर एवं देहात कांग्रेस कमेटी की ओर से काम के अधिकार की रक्षा के लिए मनरेगा बचाओ संग्राम के शुभारंभ कर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया वरिष्ठ कांग्रेस नेता शांति धारीवाल सहित कांग्रेसजनों ने धरने में उपवास कर मौन सत्याग्रह कर मोदी सरकार द्वारा मनरेगा से जीरामजी योजनाओं में गरीब मजदूरो की गारंटी खत्म करने एवं इस नई योजना में अनेक खामियां की गयी है इसको लेकर उपवास व मौन रखकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर 3 घंटे धरना दिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री कोटा उत्तर विद्यायक शांति धारीवाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर नए बिल जीरामजी में गरीब मजदूरों की 100 दिन की गारंटी खत्म कर उनके साथ कुठाराघात कर रही है। उन्होंने कहा कि जीरामजी नई योजना में काम का अधिकार मोदीजी अपनी मुट्ठी में रखकर रिमोट की तरह उपयोग करना चाहते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में मनरेगा में 100 दिन की गारंटी थी अब 40 प्रतिशत राज्यों के ऊपर निर्भर रहेगा। मनरेगा से गारंटी का अधिकार भी मोदी सरकार ने खत्म किया विदेशों की संसद में गांधी को याद किया जाता है। मोदी सरकार तानाशाही पर उतर आयी हैं इसे कांग्रेसजन वर्दाश्त नही करेगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि जीरामजी योजना में ग्राम-पंचायतों का अधिकार भी इस योजना से अलग कर दिया है यह नया बिल गरीब मजदूरों की आत्मा पर प्रहार है। राखी गौतम ने कहा कि मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है महापुरुषों का अपमान कांग्रेसजन सहन नही करेगा। मोदी सरकार और उनके कार्यालय के बाबू की इच्छा पर अब जीरामजी योजना चलायी जाएंगी। मोदी सरकार हिटलर शाही नीति चलकर मनरेगा को खत्म करना चाहती है लेकिन कांग्रेसजन इनके मंसूबो पर कामयाब नही होने देंगे।

देहात अध्यक्ष भानूप्रताप प्रताप सिंह ने कहा कि नई योजना को मोदीजी अपनी मुट्ठी में रखना चाहती है उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नई योजना में 60 दिन का काम नही मिलेगा 2 माह मजदूर भूखा मरेगा मजदूरों के साथ घोर अन्याय है इसे कम बर्दाश्त नही करेंगे अभियान को ग्राम पंचायतों तक ले जायेंगे। कोटा प्रभारी पीसीसी महासचिव देशराज मीणा ने वार्ता में बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हमे जो 5 फरवरी तक अभियान चलाने का कार्यक्रम दिया है विरोध प्रदर्शन के माध्यम से आमजन तक ले जाएंगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मनरेगा योजना में गरीब मजदूरों की काम के अधिकार की गारंटी थी नई योजना में हक को खत्म किया गया है।

लाड़पुरा प्रधान रहे नईमुद्दीन गुड्डू ने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस की हर योजना को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी महत्त्वपूर्ण योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर उनका अपमान किया है। विधायक चेतन पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों का अधिकार नए बिल जीरामजी योजना में काम के अधिकार की गारंटी खत्म कर दी गयी है हम इसका पुरजोर विरोध सड़को पर करेंगे। सत्याग्रह धरने में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल, डॉ जफर मोहम्मद, अनूप ठाकुर, शिवकांत नंदवाना, कांग्रेस, शिवराज गुंजल, मंजूर तंवर, पूर्व अल्पसंख्यक प्रदेशाध्यक आबिद कागजी, उपप्रधान अशोक मीणा, सरपंच मुईजुद्दीन गुड्डू आदि मौजूद रहे।

## भक्ति भाव से सराबोर भक्ति पर्व समागम का दिव्य आयोजन

**बूंदी।** बाबा हरदेव सिंह मार्ग देवपुरा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर विशाल आध्यात्मिक निरंकारी सत्संग आयोजित किया गया। भक्ति केवल शब्द नहीं जीवन जीने की सजग यात्रा है कोटा से पधारे संत ओम प्रकाश सेतिया द्वारा भक्ति पर्व समागम के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जिसमें बड़ी संख्या में हिंडोली लाखेरी, देई, नैनवां, रानीपुरा, धोवड़ा सहित आसपास की ब्रांच से श्रद्धालु भक्तों ने शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद एवं आत्मिक शांति की अनुभूति प्राप्त करी। इस पावन अवसर पर परम संत संतोख सिंह जी सहित अन्य संत महापुरुषों के तप, त्याग एवं उनके ब्रह्मज्ञान के प्रचार-प्रसार में दिए गए अमूल्य योगदान का भावपूर्ण स्मरण किया गया। श्रद्धालुओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर भक्ति, सेवा एवं समर्पण के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों एवं गीतकारों ने अपनी-अपनी विधाओं के माध्यम से गुरु महिमा, भक्ति भाव और मानव कल्याण के संदेशों को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। संतों की प्रेरणादायक शिक्षाओं ने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय को छूते हुए उनके जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध किया। सतगुरु ने भी भक्ति की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि भक्ति कोई नाम या दिखावा नहीं, बल्कि अपने भीतर की सजग यात्रा है। सच्ची भक्ति तब है जब हम आत्म मंथन द्वारा दूसरों से पहले स्वयं को जाँचें, अपनी कमियों को सुधारें और हर पल जागरूक जीवन जिएँ। अज्ञान में हुई गलती सुधर सकती है, पर जानबूझकर चोट पहुँचाना, बहाने या चालाक शब्द भक्ति नहीं हैं, क्योंकि भक्त का स्वभाव मरहम का होता है। हर एक में निराकार देखकर सरल, निष्कपट व्यवहार करना और ब्रह्मज्ञान के बाद सेवा, सुमिरन व सत्संग से इस एहसास को बनाए रखना ही भक्ति है। अंततः भक्ति एक चुनाव है-नाम की नहीं, जीवन की। निरंकारी राजपिता जी ने भी यह समझाया है कि भक्ति कोई पद, पहचान या अपनी बनाई परिभाषा नहीं, बल्कि ब्रह्मज्ञान पाकर करता-भाव के समाप्त होने से उपजा जीवन जीने का ढंग है। संतों ने वचन इसलिए माने क्योंकि गुरु का वचन मानना उनके लिए स्वाभाविक था, जबकि हम कई बार न मानने को भी सही ठहरा लेते हैं। सत्य और भक्ति की परिभाषा एक ही है, यदि भक्ति को उपलब्धियों या अहंकार से जोड़ा जाए तो करता-भाव जीवित रहता है। भक्ति कोई सौदा नहीं, प्रेम का चुनाव है, जहाँ प्रयास रहते हैं पर दावा नहीं इसलिए अरदास यही है कि अपनी सारी परिभाषाएँ छोड़कर ऐसा जीवन जिएँ जहाँ वचन, सेवा, सुमिरन और संगत स्वभाव बन जाएँ क्योंकि भक्ति अपनी परिभाषा से हो, तो भक्ति नहीं।

## शिविर में बूंदी की बेटियों का चयन

**बूंदी।** नेशनल यूथ प्रोजेक्ट ट्रस्ट, नई दिल्ली के तत्वावधान में पंजाब के आनंदपुर साहिब में आयोजित अंतरधार्मिक एवं सांप्रदायिक सद्भाव - सह - राष्ट्रीय एकता शिविर में बूंदी जिले की दो होनहार बालिकाओं का चयन हुआ। इस प्रतिष्ठित शिविर में रामेष्ट युवा मंडल, से चयनित जागृति कौर एवं शांभवी शर्मा ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों प्रतिभागियों ने न केवल बूंदी जिले का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान और युवाओं की सोच को राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से प्रस्तुत किया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता, अंतरधार्मिक सद्भाव, सामाजिक समरसता, नेतृत्व विकास, मानवाधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, समूह चर्चा, संवाद सत्र, सामूहिक गतिविधियाँ एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। शिविर के अंतर्गत प्रतिभागियों ने आनंदपुर साहिब सहित आसपास के प्रमुख ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण भी किया। इनमें नैना देवी, रूपनगर वेटलैंड्स, भाखड़ा-नांगल डैम, झज्जर-बचौली वन्यजीव अभयारण्य तथा ऐतिहासिक धरोहरों में विरासत-ए-खालसा संठाहालय, गुरुद्वारा शीशगंज साहिब एवं गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब शामिल रहे। इन स्थलों के भ्रमण से प्रतिभागियों को देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विरासत को नज़दीक से समझने का अवसर मिला। यह शिविर सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को समर्पित रहा, जिनके जीवन और बलिदान से युवाओं को सत्य, साहस, मानवता एवं अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर रामेष्ट युवा मंडल के अध्यक्ष शिखर पंचोली और सचिव रोहन गुर्जर ने जागृति कौर एवं शांभवी को बधाई देते हुए कहा कि, हमारी बेटियों की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

## लूटपाट करने वाली गैंग पकड़ी

**कोटा, (निसं)।** रावतभाटा रोड़ पर ग्राम कोलीपुरा एवं बोरावास के आस-पास सुनसान घाटियों में असमाजिक तत्वों द्वारा राहगीरो से लूटपाट करने के मामले में आरकेपुरम् पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है एवं दो बाल अपचारियों को निरूद्ध किया है। पुलिस टीम ने वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि रावतभाटा रोड पर ग्राम कोलीपुरा एवं बोरावास के आस-पास सुनसान घाटियों में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सड़क पर रात्रि में आने जाने वाले राहगीरों के वाहनों पर पत्थरों से हमला कर लूटपाट करने के इरादे से रूकवाया जा रहा है। उक्त शिकायत संज्ञान में आने के बाद रावतभाटा रोड़ पर ग्राम कोलीपुरा एवं बोरावास के आस-पास पुलिस की गश्त को बढ़ाया गया था। शहर एसपी ने बताया कि 9 जनवरी को फरियादी ने आरकेपुरम् थाने मे रिपोर्ट दी।

## भीषण बारिश में सैकड़ों यात्रियों की जान बचाने वाले इंजीनियर सम्मानित

- एक त्वरित निर्णय बना रेलकर्मियों के लिए प्रेरणा

**कोटा, ( निसं )।** भारतीय रेल में कर्तव्यनिष्ठा और सजगता किस प्रकार यात्रियों की सुरक्षा का मजबूत आधार बनती है, इसका प्रेरक उदाहरण कोटा मंडल के दरा सेक्शन में पदस्थ वरिष्ठ खंड अभियंता (पी.वे.) पीयूष शर्मा ने प्रस्तुत किया है। उनके साहसिक एवं त्वरित निर्णय से एक संभावित भीषण रेल दुर्घटना टल गई, जिसके लिए उन्हें माननीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

यह घटना 3 सितंबर 2025 की तड़के लगभग 04.00 बजे की है, जब कँवलपुरा-दरा रेलखंड पर मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ी क्षेत्र से तेज बहाव के साथ पानी, पत्थर और मलबा रेलवे ट्रैक पर आ गया। किलोमीटर संख्या 870/44 पर डाउन लाइन पर ट्रैक पूरी तरह बाधित होने की स्थिति बन गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पीयूष शर्मा ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तत्काल निर्णय लिया। उस समय गाड़ी संख्या 04126 मुंबई-सूबेदारगंज स्पेशल एक्सप्रेस कँवलपुरा स्टेशन पार कर घटनास्थल की ओर बढ़ रही थी। हर सेकंड कीमती था और थोड़ी-सी भी देरी भारी पड़ सकती थी।

शर्मा ने तुरंत स्टेशन स्तर पर समन्वय स्थापित किया, संबंधित कर्मचारियों को सतर्क किया तथा ओवरहेड विद्युत लाईन की आपूर्ति कटवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करवाई। परिणामस्वरूप ट्रेन घटनास्थल से मात्र लगभग 20 मीटर पूर्व सुरक्षित रूप से रोक दी गई। यदि यह त्वरित कार्रवाई न होती, तो सैकड़ों यात्रियों की जान गंभीर खतरे में पड़ सकती थी। रेल संरक्षा के प्रति इसी असाधारण सजगता, तकनीकी दक्षता और नेतृत्व क्षमता के लिए भारतीय रेल द्वारा पीयूष शर्मा को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया, जो नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में रेल मंत्री द्वारा प्रदान किया गया।

यह घटना भारतीय रेल के प्रत्येक कर्मचारी के लिए प्रेरणा है कि विपरीत और कठिन परिस्थितियों में भी सतर्कता, साहस और सही समय पर लिया गया निर्णय यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है। कोटा मंडल के इस उदाहरण ने यह सिद्ध कर दिया है कि रेलकर्मी संकट की घड़ी में भी अपने कर्तव्य के प्रति अडिग रहते हुए जीवन रक्षक भूमिका निभाते हैं।

## शीतलहर से बचाव के लिए अपनाएं जरुरी सावधानियां : डॉ सामर

**बूँदी।** शिशिर ऋतु में तापमान में गिरावट और शीतलहर के कारण मानव जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है इस स्थिति में ज़िले में स्थित सभी अस्पतालों में शीत लहर प्रभावितों के उपचार हेतु विशिष्ट कार्य योजना बनाई है जिसमें सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रारंभिक चेतावनी संबंधी जानकारी प्रसारित की गई है।

सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया शीत लहर से बचाव हेतु जन सामान्य द्वारा अपनाए जाने वाले उपाय से संबन्धित सुझाव, ज़िले के सभी अस्पतालों के बाहर प्रदर्शित किए जाने के लिए संस्था प्रभारी को निर्देशित किया गया है और शीत लहर ग्रसित रोगियों की चिकित्सा हेतु आवश्यक दवाइयाँ, भंडार आदि की उपलब्धता सभी चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कर्मियों के पास सुनिश्चित करने के लिए पाबंद किया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें,कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है तथा आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी सामान तैयार रखें। उन्होंने बताया कि शीतलहर के समय जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। और ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें । अपने शरीर को सुखाकर रखें, यदि कपड़े गीले हो जाएँ तो उन्हें तुरंत बदलें,इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें और समाचार पत्र पढे।

उन्होंने बताया कि नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखें।हाइपोथर्मिया के मामले में व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और कपड़े बदल दें। व्यक्ति के शरीर को सूखे कंबलों, कपड़ों, तौलियों या चादरों से गर्मी दें। शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय पिलाएं, लेकिन मादक पेय नःदें। जितनी जल्दी हो सके, व्यक्ति को उचित चिकित्सा उपलब्ध कराएं। सीएमएचओ ने बताया कि शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें । शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें, इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें यह एक महत्वपूर्ण अठिाम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

## हिंदू सम्मेलन की बैठक सम्पन्न

**बूंदी।** रविवार को लक्ष्मीपुरा मंडल में हिंदू सम्मेलन के आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न हुई । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में हिंदू समाजजनों द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजा। 1 फरवरी, 2026 रविवार को साढू माताजी के मंदिर पर किया जाना समिति द्वारा तय किया है । इसमें मंडल के करीब 11 गांवों के करीब 3000 समाज जन हिस्सा लेंगे । जिसमें रविवार 1 फरवरी को लक्ष्मीपुरा में कलश यात्रा आयोजित की जाएगी । देवरिया, भरता बावड़ी, मालियों की मराडी एवं चांदा का तालाब से युवा वाहन रैली के रूप में पहुंचेगे। कार्यक्रम का आयोजन हेतु समिति का गठन किया गया जिसमें समिति के अध्यक्ष देवलाल जी फ़ागना, देवरिया को एवं कार्यक्रम के संयोजक महावीर जी सैनी को सर्वसम्मति चुना गया।

## ‘आमजन का जीवन स्तर भी सुदृढ़ हो रहा है’

**छबड़ा।** छबड़ा विधानसवभा क्षेत्र में वर्तमान में दो हजार करोड़ रूपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं। यहां थर्मल पॉवर प्लांट व मध्यप्रदेष से सुगम आवागमन के चलते सभी का व्यापार कई गुना निरंतर बढ़ रहा हैं और औद्योगिक व व्यापारिक गतिविधियां मजबूती के साथ बढ़ रही हैं। यहां षहरीकरण बढ़ने के साथ ही आमजन का जीवन स्तर भी आर्थिक व सामाजिक रूप से सुदृढ़ हो रहा हैं। यह उद्गार विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने निपानियां स्थित कटारमल मंदिर पर किराना व्यापार संघ की ओर से रविवार को आयोजित स्नेह मिलन समारोह के दौरान व्यक्त किए। उन्होने कहा कि हनुवतखेड़ा व गुगोर रेलवे फाटक पर 35-35 करोड़ के आरओबी का निर्माण होने जा रहा हैं। 830 करोड़ की लागत से अंधेरी नदी पर बनने जा रहे बांध से किसानों की 40 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। 16 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने के लिए बैथली बांध की ऊंचाई बढ़ाई जा रही हैं। 125 करोड़ की लागत से खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण किया जाएगा। षीघ्र ही बाईपास की स्वीकृति मिलने के साथ ही षहरवासियों एवं व्यापारियों को थर्मल से राख परिवहन के दौरान होने वाली परेषानी से निजात मिल सकेगी।

## राजपूत समाज कोटा का नव वर्ष मिलन समारोह संपन्न

- नववर्ष पर समाज सेवा की अनूठी पहल
- जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता
- संगठन में शक्ति राजपूत समाज का उद्देश्य हर जरूरतमंद तक सहयोग पहुंचाना और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है।

**कोटा, ( निसं )।** संगठन में शक्ति राजपूत समाज कोटा द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन डीसीएम रोड, कंसुआ स्थित मैरिज गार्डन में हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह का उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, संगठनात्मक एकता तथा सेवा भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोजक रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश ने कहा, "नववर्ष मिलन केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को संगठित करने और सेवा के संकल्प को मजबूत करने का अवसर है। संगठन में शक्ति राजपूत समाज का उद्देश्य हर जरूरतमंद तक सहयोग पहुंचाना और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है। 16 विधवा माताओं को पेंशन सहायता प्रदान कर हम समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।" वहीं लोकेंद्र सिंह राजावत ने अपने उद्‌बोधन में कहा, "राजपूत समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता, संस्कार और परस्पर सहयोग की भावना है। नव वर्ष हमें नए संकल्प लेने और समाज को सकारात्मक दिशा देने की प्रेरणा देता है। जरूरतमंद विधवा बहनों को आर्थिक सहयोग देना समाज की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचायक है।" रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश ने जानकारी दी कि समारोह के दौरान समाज की 16 जरूरतमंद विधवा महिलाओं को पेंशन की तीसरी किस्त के रूप में उनके बैंक खातों में 800- 800 की ऑनलाईन राशि हस्तांतरित की गई। इसमें से 300-300 प्रति लाभार्थी की राशि डॉ.प्रदीप सिंह पंवार की ओर से सहयोग स्वरूप प्रदान की गई। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश, लोकेंद्र सिंह राजावत, हिम्मत सिंह, भवानी सिंह सोलंकी, बुद्धिराज सिंह हाड़ा, डॉ. प्रदीप सिंह पंवार, हेमलता चौहान, राजेश सिंह परिहार, विवेक सिंह सिसोदिया, मुकेश सिंह राजावत, अमित सिंह राजावत, कमलराज सिंह हाड़ा, प्रताप सिंह हाड़ा, मांगू सिंह राजावत, जोधराज सिंह हाड़ा, गोपाल सिंह भदौरिया, राजेश सिंह कुशवाह, भंवर सिंह सोलंकी,प्रताप सिंह हाडा सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

## बूंदी के विवेक गुर्जर राष्ट्रीय मंच पर करेंगे प्रधानमंत्री मोदी से संवाद

**बूंदी ।** जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले रामेष्ट युवा मंडल संस्थान के सक्रिय सदस्य विवेक गुर्जर का चयन केंद्र सरकार द्वारा आयोजित सरदार150 निबंध/रील प्रतियोगिता के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है, यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई, जिसमें सरदार पटेल पर आधारित रील बनाकर विवेक ने राष्ट्रीय एकता को सोशल मीडिया पर प्रसारित किया।

इस चयन के फलस्वरूप विवेक गुर्जर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026 में सहभागिता करेंगे, जो राष्ट्रीय युवा दिवस पर भारत मंडपम, नई दिल्ली में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। केन्द्र से जुड़े भूपेन्द्र योगी ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में हजारों आवेदनों में रील के द्वारा देश के 10 चयनित युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य अतिथियों से रूबरू होकर विकसित भारत के विज़न, युवा नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद करेंगे।

## फल-सब्जी ठेलों को व्यस्थित लगवाया

**छबड़ा।** नगर को सुंदर व आकर्षक बनाने के लिए कार्यवाहक ओ प्रयासरत है। ओ के नेतृत्व ने पालिका टीम ने रविवार को चिकित्सालय मार्ग व आजाद सर्किल के निकट सड़क पर लगे फल-सब्जी के ठेलो को सुखाड़िया पार्क में व्यस्थित रूप से व्यवस्थित लगवा दिया है। इसी के साथ पुराने बाजार में जमे अतिक्रमियों को सड़क सीमा से हटा दिया और कई दुकानदारों का सामान भी जब्त कर लिया। ओ के अनुसार पालिका भूमि पर स्था , अस्था अतिक्रमण नही करें अन्यथा नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। ओ संदीप गहलोत ने बताया कि अस्पताल मार्ग पर सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण के कारण रोड़ संकरा हो गया था, जिससे आवागमन में काफी दिक्कतें आ रही थी। यहां तक कि क बार मरीजो व इनके परिजनों को अस्पताल तक पहुंचने पर काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इस गंभीर परेशानी के मद्देनजर यहाँ लगे फल सब्जी आदि के ठेले व अतिक्रमण को हटवा दिया है, वही आजाद सर्किल के समीप भी फल सब्जी के ठेलो को हटवा दिया है। ओ गहलोत के अनुसार जब तक पार्क में प्रस्तवित चौपाटी नही बन जाती जब तक इन फल सब्जी ठेला वालो को अस्था रूप से यहां शिफ्ट कर दिया है। वही, प्रदीप जनरल स्टोर से पुराने थाने के बीच सड़क के दोनों ओर हो रहे अस्था अतिक्रमण को भी पालिका टीम द्वारा हटाया गया।

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान
विभाग कोटा खण्ड कोटा
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास
अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन
नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 8/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

श्री विशाल नागर पुत्र श्री कमलकान्त नागर निवासी श्यामपुरा तहसील सांगोद जिला कोटा राजस्थान द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास 'श्री हनुमान मन्दिर मेलखेड़ी धाम श्यामपुरा' ग्राम श्यामपुरा तहसील सांगोद जिला कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 08.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 11.03.2026 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा